Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to compensate farmers whose land falls on barbed wire fencing on international border.

श्री निहाल चन्द (गंगानगर): सुरक्षा की दृष्टि से भारत-पाक सीमा पर कंटीली तारों की घेरेबंदी की गई थी, जिसमें स्थानीय किसानों की लगभग एक एकड़ जमीन सुरक्षा के घेरे में आ रही है। वहां पर किसान स्वतंत्र खेती नहीं कर सकता और न ही सिंचाई कर सकता है। कभी-कभार वहां स्थानीय महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार भी होता है। इसलिए वहां खेती करना बहुत ही मुश्किल है और इस कारण सीमावर्ती किसानों को बहुत नुकसान हो रहा है। इसके फलस्वरूप सीमावर्ती किसान गरीबी की ओर अग्रसर हो रहा है।

अतः मेरा केंद्र सरकार से निवेदन है कि जिन किसानों की जमीन कंटीली तारों के नीचे आई है उन किसानों को सरकार द्वारा उचित मुआवजा दिया जाए जिससे किसान किसी अन्य जगह पर जमीन लेकर खेती कर सकें और सुरक्षित अपना जीवन यापन कर सकें।